तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **सज्जन सिंह बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर–शहर प्रथम, जोधपुर)** सू.अ. अपील संख्या 25/2024	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
15/07/2024	अपीलार्थी सज्जन सिंह निवासी आशीयना अमरबाग, पाली रोड़, कुडी, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 15.01.2024 में आवेदन दिनांक 02.12.2023 पर की गई कार्यवाही से संबधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर, जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर–शहर प्रथम, जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर–शहर प्रथम, जोधपुर) ने बतलाया कि प्रभारी अधिकारी न्यायिक शाखा, जिला कलक्टर कार्यालय जोधपुर द्वारा प्रार्थी के प्रार्थना पत्र को पत्रांक 2038 दिनांक 29.12.2023 द्वारा मूल ही क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर को प्रेषित किया गया। जिसकी सूचना प्रार्थी को जरिये पत्रांक 1633 दिनांक 15.03.2024 द्वारा प्रेषित की गई। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के स्पष्टीकरण/सूचना से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर जिला कलक्टर, जोधपुर (राज.)	